**हिन्दी अकादमी, दिल्ली**
(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदम नगर, किशनगंज, दिल्ली–110007
दूरभाष : 20923002, 20923005
ईमेल–hindiacademydelhi@gmail.com

## बाल रंगमंच कार्यशाला –2026

हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों/बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु विगत वर्षों से बाल कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष जून माह 2026 में भी अकादमी बाल रंगमंच कार्यशाला का आयोजन कर रही है। अकादमी इन कार्यशालाओं हेतु बाल रंगमंच के क्षेत्र के युवा प्रशिक्षित अनुभवी दिल्लीवासी संयोजकों, निर्देशकों तथा सहायक निर्देशकों से **प्रत्यक्ष साक्षात्कार** के आधार पर आवेदन आमंत्रित करती है।

| क्र.सं. | विधा | निर्देशक की संख्या /पारिश्रमिक–प्रोप, ड्रैस व मेकअप सहित रुपये अधिकतम (रुपये 45,000/– प्रत्येक को) | सहायक निर्देशकों की संख्या /पारिश्रमिक (रुपये 20,000/–प्रत्येक को) |
|---|---|---|---|
| 1. | नाट्य/रंगमंच विधा | 11 (ग्यारह) | 11(ग्यारह) |
| 2. | संयोजक<br>पारिश्रमिक– रुपये<br>35,000/– प्रत्येक को | 2 (दो) | |

**उपरोक्त निर्देशकों तथा सहायक निर्देशकों से निम्न योग्यता अपेक्षित है :–**

1. आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए (योग्य मामलों में 5 वर्ष की छूट दी जा सकती है)।
2. आयु की गणना 31.3.2026 के आधार पर की जायेगी।
3. सभी आवेदन सचिव, हिन्दी अकादमी को संबोधित कर अपना **नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि (जन्म प्रमाण–पत्र. के साथ), पता, दूरभाष, ई–मेल पता, बाल रंगमंच से संबंधित अनुभव व संबंधित छायाचित्र (फोटो और विडियो सीडी), सोशल मीडिया लिंक्स** आदि विवरण भी संलग्न होना आवश्यक है।
4. सभी निर्देशकों/सहायक निर्देशकों से निवेदन है कि अपने आवेदन प्रपत्र के साथ हिन्दी अकादमी, दिल्ली के कार्यालय में **प्रत्यक्ष साक्षात्कार** के लिए निम्न तिथियों पर उपस्थित हों।

**निर्देशक** – **1 जून 2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक**
**सहायक निर्देशक /संयोजक** – **1 जून 2026 अपराह्न 3.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक**

सभी आवेदनों पर निर्णय लेने का अधिकार सचिव, हिन्दी अकादमी के पास सुरक्षित है।

ह०- लक्ष्मी गुप्ता

नागेन्द्र एस. पति त्रिपाठी
सचिव